हाउसिंग बोर्ड करेगा 200 करोड़ रूपये मूल्य से अधिक की व्यावसायिक सम्पत्तियों का ई-ऑक्शन

जलतेदीप कासं, जयपुर

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आगामी जुलाई महीने में लगभग 200 करोड़ रूपये की व्यावसायिक सम्पत्तियों को ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचेगा। उल्लेखनीय है कि मण्डल द्वारा प्रताप नगर और मानसरोवर योजना में कुल 78 सम्पत्तियों का ई-ऑक्शन किया जायेगा। इनमें 55 व्यावसायिक और 23 आवासीय सम्पत्तियां शामिल है।

आयुष मार्केट में होगा 11 दुकानों के लिये 13 से 15 जुलाई तक ई-ऑक्शन

उन्होंने बताया कि प्रताप नगर योजना स्थित बनने वाले आयुष मार्केट (दवा मार्केट) में 11 भूखण्डों के लिये ई-ऑक्शन 13 से 15 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इन भूखण्डों का न्यूनतम बोली मूल्य 65 हजार 500 रूपये से लेकर 68 हजार 800 रूपये प्रति वर्ग मीटर रखा गया है। इनमें से एक दुकान पैथोलॉजी लेब के लिये आरक्षित रखी गयी है।

आरएचबी आतिश मार्केट के 12 शोरूम भूखण्डों का होगा 22 से 24 जुलाई को ई-ऑक्शन

अरोड़ा ने बताया कि मण्डल की प्रतिष्ठित मानसरोवर योजना में विकसित आरएचबी आतिश मार्केट में 12 शोरूम भूखण्डों का ई-ऑक्शन 22 से 24 जुलाई को आयोजित किया जायेगा। इन भूखण्डों का न्यूनतम बोली मूल्य 80 हजार रूपये से लेकर 81 हजार 400 रूपये रखा गया है।

18 आवासीय और 16 व्यावसायिक प्रीमियम सम्पत्तियों का 15 से 17 जुलाई को होगा ई-ऑक्शन

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा जयपुर की प्रतिष्ठित प्रताप नगर योजना स्थित 12 आवासीय भूखण्डों और एक स्वतंत्र आवास, मानसरोवर योजना स्थित उच्च आय वर्ग के 3 आवासीय भूखण्डों और अजमेर स्थित पंचशील योजना में 2 आवासीय भूखण्डों का ई-ऑक्शन 15 से 17 जुलाई को होगा। इसी तरह सेक्टर-10 प्रताप नगर स्थित 3 दुकानों, मानसरोवर योजना स्थित झूलेलाल मार्केट में 6 दुकानों, सीबीसी मानसरोवर में 9 दुकानों, कमर्शिलयल बेल्ट बी मानसरोवर में 5 दुकानों और महावीर नगर पारिजात कोटा में 2 दुकानों को ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचा जायेगा।

10 आवासीय और 11 व्यावसायिक प्रीमियम सम्पत्तियों का 20 से 22 जुलाई को होगा ई-ऑक्शन

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा जयपुर की प्रतिष्ठित प्रताप नगर योजना स्थित 4 आवासीय भूखण्डों, मानसरोवर योजना स्थित उच्च आय वर्ग के 3 आवासीय भूखण्डों, दादाबाडी कोटा स्थित 2 और मुक्ता प्रसाद बीकानेर में 1 स्वतंत्र आवास का ई-ऑक्शन 20 से 22 जुलाई को होगा। इसी तरह सेक्टर-10 प्रताप नगर स्थित 4 दुकानों, मानसरोवर योजना स्थित झूलेलाल मार्केट में (फूड कोर्ट) 3 दुकानों और कमर्शियल बेल्ट बी मानसरोवर में 4 दुकानों को ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचा जायेगा।

जयपुर व जोधपुर की प्रतिष्ठित योजनाओं में व्यावसायिक व आवासीय भूखण्ड खरीदने का सुनहरा अवसर

अरोड़ा ने बताया कि मण्डल द्वारा जयपुर की मानसरोवर, प्रताप नगर और जोधपुर की चौपासनी योजना में बडे व्यावसायिक व आवासीय भूखण्डों को 27 से 31 जुलाई तक ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचा जायेगा। उन्होंने बताया कि मानसरोवर के शिप्रा पथ स्थित व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 14ई/एल, 14ई/एल-1 और 7सी-2ए जिनका क्षेत्रफल क्रमशः 2741, 2739 और 1137 वर्ग मीटर है। इनक न्यूनतम बोली मूल्य 60 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर रखा गया है। इन सभी भूखण्डों का ई-ऑक्शन 27 से 29 जुलाई को आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही प्रताप नगर के महल रोड स्थित व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 232/एफ-2, 232/एफ-3 जिनका क्षेत्रफल क्रमशः 3000 और 3213 वर्ग मीटर है, का न्यूनतम बोली मूल्य 49 हजार रूपये और 51 हजार 500 रूपये है। इसी तरह प्रताप नगर योजना के हल्दी घाटी मार्ग स्थित भूखण्ड संख्या एच-जी-1/सी-1, एच-जी-1/सी-2 जिसका क्षेत्रफल क्रमशः 977 वर्ग मीटर और 703 वर्ग मीटर के भूखण्ड का न्यूनतम बोली मूल्य क्रमशः 51 हजार 500 रुपये और 49 हजार रूपये रखा गया है। इन सभी भूखण्डों का ई-ऑक्शन 29 से 31 जुलाई को आयोजित किया जायेगा। इसी तरह जोधपुर की चौपासनी योजना में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या जी-एच-1, 16/545 जिनका क्षेत्रफल क्रमशः 2271, 524 वर्ग मीटर है, का न्यूनतम बोली मूल्य 60 हजार रूपये प्रति वर्ग मीटर रखा गया है।

फ-77, करतारपुरा, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा जलतेदीप (जयपुर) कार्यालय ई-287, लालकोठी, जयपुर से